# इकाई 1 आधुनिक जापान का मूल आधार

**इकाई की रूपरेखा**

1.0 उद्देश्य

1.1 प्रस्तावना

1.2 पूर्वी-एशिया और इसके पड़ोसी

1.3 जापान : भौगोलिक वातावरण

1.4 जापानी इतिहास के अध्ययन के लिए दृष्टिकोण

1.5 जापानी इतिहास में कालावधिकरण

1.6 शास्त्रीय जापान का निर्माण

1.7 प्रतिस्पर्धी शक्तियाँ : सम्राट, धार्मिक समूह और योद्धागण

1.8 दाइम्यों का उदय : ओड़ा नोबुनागा

1.9 हिदेयोशी : एक सामान्य जन जो जापान का शासक बन गया

1.10 तोकुगावा की शक्ति का उद्भव

1.11 बर्बर लोगों या एमीशी को नियंत्रित करना

1.12 सारांश

1.13 बोध प्रश्नों के उत्तर

## 1.0 उद्देश्य

इस इकाई में आप निम्नलिखित के बारे में जानेंगे :

- सोलहवीं शताब्दी तक और जापान देश को आकार देने वाली प्रमुख राजनैतिक सस्थाओं के इतिहास का एक व्यापक सर्वेक्षण,
- आर्थिक विकास और दैनिक जीवन में रूपांतरण, और
- प्रमुख धार्मिक प्रणालियाँ और बौद्धिक प्रवृत्तियाँ जो जापानी चिन्तन का आधार हैं।

## 1.1 प्रस्तावना

यह इकाई आधुनिक जापान के इतिहास को समझने के लिए आवश्यक पृष्ठभूमि प्रदान करती है। यह इकाई पूर्वी-एशियाई क्षेत्र में जापान का स्थान निर्धारण करेगी, आपको इसके भौगोलिक वातावरण की कुछ विशेषताओं से परिचित कराएगी और अठाहरवीं शताब्दी तक के ऐतिहासिक विकास की एक विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करेगी।

## 1.2 पूर्वी-एशिया और इसके पड़ोसी

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जापान, चार मुख्य द्वीपों और अन्य छोटे द्वीपों से बना है, जो प्राकृतिक रूप से महाद्वीप की मुख्य भूमि से अलग थे लेकिन इसके प्रभावों से अलग नहीं थे। जापानी लोग सामुद्रिक सम्बंधों के माध्यम से मुख्य भूमि से जुड़े हुए थे। जापान

और कोरियाई प्रायद्वीप के बीच में स्थिति त्सुशिमा का जलड़मरूमध्य केवल एक सौ बीस मील चौड़ा है, इसलिए कोरिया के साथ सम्बंध जापानी द्वीपों में लोगों, विचारों और व्यापार के प्रवेश के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग था। इस अवधि में, पूर्वी चीन सागर को पार करना खतरनाक था, इसलिए जापान सीधे सम्पर्क से अछूता था और चीन द्वारा आक्रमण की सम्भावनाओं से बचा हुआ था, जो इस क्षेत्र में प्रमुख राजनैतिक और सांस्कृतिक शक्ति थी। जापान महाद्वीप से जुड़ा हुआ था लेकिन राजनैतिक हस्तक्षेप से सुरक्षित था।

समुद्री मार्गों ने जापानी द्वीपों को दक्षिण-पूर्व एशिया से भी जोड़ा। आधुनिक समय में, जापान की श्रेष्ठता और एशिया के नेता के रूप में इसकी भूमिका का दावा करने वाले राष्ट्रवादियों ने तर्क दिया कि जापानी सभ्यता को एशियाई सभ्यताओं द्वारा आकार दिया गया था, लेकिन चूंकि यह कभी उपनिवेशित नहीं हुई थी इसलिए इसने इन तत्वों का सबसे अच्छा संरक्षण किया था।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्षेत्र में सबसे विकसित सभ्यता के रूप में चीन ने पूर्व और दक्षिण-पूर्वी एशिया पर एक शक्तिशाली प्रभाव डाला। चीनी भाषा अभिजात्य वर्ग की भाषा बन गई और जापान, कोरिया और वियतनाम में चीनी धार्मिक और दार्शनिक विचारों को अपनाया गया और अनुकूलित किया गया। इन सम्बंधों ने एक समान भाषा और मूल्यों की साझा भावना पैदा की लेकिन तनावों और टकरावों को भी पैदा किया क्योंकि प्रत्येक ने चीनी राजनैतिक नियंत्रण और उसके विचारों के प्रभुत्व से अपनी स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए संघर्ष किया।

## 1.3 जापान : भौगोलिक वातावरण

इतिहास का अध्ययन करते समय भूगोल को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह परिभाषित करता है कि निवासियों के लिए क्या सम्भव है। जापानी द्वीप समूह अपेक्षाकृत हाल का ही निर्मित है। यह प्रक्रिया केवल कुछ पंद्रह मिलियन साल पहले शुरू हुई थी, लेकिन जैसा कि हम इन द्वीपों को जानते हैं, यह ज्यादातर दो-पाँच मिलियन वर्षों के दौरान निर्मित हुए हैं। इन द्वीपों की रचना चार विवर्तिनिकी प्लेटों (टेक्टोनिक प्लेट) के टकराव से हुई है। ये टकराव भूकम्प और ज्वालामुखी विस्फोटों का उत्पादन जारी रखते हैं। इस अस्थिर स्थिति ने नियतकाल की आपदाओं को जन्म दिया है, जिसके परिणामस्वरूप निवासियों को इन बारम्बार आने वाली आपदाओं का पूर्वानुमान और सामना करने के लिए सीखने के लिए मज़बूर किया है।

पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र हिम युग के हिमनदों (ग्लेशियरों) से प्रभावित नहीं थे और क्योंकि जापानी द्वीप समूह विभिन्न अवधियों में महाद्वीपीय मुख्य भूमि से जुड़ा हुआ था, इससे इस क्षेत्र को जैविक प्रचुर सम्पदा का लाभ मिला। उदाहरण के लिए, उत्तरी अमेरिका में वाणिज्य की दृष्टि से उपयोगी देशी वृक्षों की 250 किस्में हैं, जबकि जापान में ऐसे वृक्षों की 500 किस्में हैं। यह विकास के लिए एक समृद्ध संसाधन रहा है, लेकिन साथ ही प्रकृति ने जापान को विकास के दौरान कई तरह से प्रतिक्रिया देने की अनुमति दी है।

जापान का भू-भाग 80% पहाड़ी है, और ये पहाड़ औसतन दो से तीन हजार मीटर की ऊँचाई के हैं और खड़े ढलान वाले हैं। संकरी घाटियों के पहाड़ी भागों में जलधाराएँ हैं जो उग्रधाराओं में बदल सकती हैं। इसने जल-प्रबंधन को बहुत महत्वपूर्ण बना दिया है और इससे परिष्कृत जल-प्रबंधन तकनीकों का विकास हुआ है। कृषि विकास काफी हद तक मैदानी इलाकों तक ही सीमित था, लेकिन स्थानांतरित कृषि (स्वीडेनी कृषि) या झूम कृषि को व्यवहार में लाया जाता था। ईंधन, चारा और घास-पात के लिए खड़ी पहाड़ियों पर खेती

करने से अपक्षरण होता है और बाढ़ आती है क्योंकि पहाड़ियों के ढलान अपने वन आवरण से वंचित हो जाते थे। इसने वनाच्छादित क्षेत्रों को बनाए रखने के प्रयासों को भी जन्म दिया। आज भी जापान को सत्तर प्रतिशत भाग वनाच्छादित है।

यहाँ जलवायु बड़े पैमाने पर हल्की सर्दियों और ऊष्ण ग्रीष्मकाल की है जो तट के साथ जलोढ़ मैदानों में सिंचित चावल की खेती की अनुमति देती है। चावल की खेती प्रमुख रही है क्योंकि यह प्रति हेक्टेयर एक उच्च कैलोरी की उपज देती है, इसके बावजूद कि जापान की केवल 20% भूमि खेती योग्य है। इसलिए जापान ऐतिहासिक रूप से उच्च आबादी को आश्रय देने में सक्षम रहा है। ज्वालामुखीय मिट्टी काफी हद तक अम्लीय थी लेकिन उर्वरकों के व्यापक उपयोग से इसमें सुधार हुआ। यह आवश्यकता इस तथ्य के कारण थी कि आधुनिक समय में जापान दुनिया में रासायनिक उर्वरकों का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता बन गया। समुद्री संसाधन हमेशा से ही भोजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहे हैं।

## 1.4 जापानी इतिहास के अध्ययन के लिए दृष्टिकोण

आधुनिक जापान के ऐतिहासिक विकास के बारे में हमारी समझ को विभिन्न प्रकार के ऐतिहासिक स्रोतों द्वारा आकार दिया गया है : पश्चिमी मिशनरियों के वर्णन, जापानी लेखन और पश्चिमी, विशेष रूप से अमेरिकी विद्वानों के लेखन। 'क्षेत्र अध्ययन' दृष्टिकोण, जो अमेरिका में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अवधि में विकसित हुआ था, इस विचार पर आधारित था कि एशिया के देश भिन्न थे और उनके समाजों को समझने के लिए 'दुभाषियों' की आवश्यकता थी। इस दृष्टिकोण ने इन देशों को पृथकत्व में देखा और जापान की असाधारणता पर बल देते हुए उन्हें अपने धर्म और दार्शनिक परंपराओं के माध्यम से परिभाषित किया। इसने जापान को समझने का प्रयास किया, जो अन्य एशियाई देशों के विपरीत 'आधुनिकीकृत' हो गया था। इसने बौद्धिक परंपराओं में उत्तरों की तलाश की और विकास को रोकने में उपनिवेशवाद की भूमिका जैसे कारकों की अनदेखी की।

जापान में रूढ़िवादी विचारकों ने अपने विचार पौराणिक गाथाओं जैसे निहोन शोकी (720) के इतिवृत्तों और प्राचीन मामलों के रिकार्ड या कोजिकी (712) पर आधारित किये। इन ग्रंथों में लिखा है कि द्वीप देवताओं द्वारा बनाए गए थे और सूर्य देवी ने अपने पौत्र को देश पर शासन करने के लिए भेजा था। इसमें यह मिथक जोड़ा गया कि वर्तमान सम्राट तक सम्राटों की एक प्रत्यक्ष और अटूट श्रृंखला रही है, इसलिए सम्राट को एक जीवित देवता माना जाता था। इस मिथक का उपयोग आधुनिक काल में जापान को चीन और अन्य देशों से भिन्न और श्रेष्ठ के रूप में चिह्नित करने के लिए किया गया था। यह एक शक्तिशाली विचार था जिसने राजनैतिक संस्थाओं को रेखांकित किया और साझा समझ को आकार दिया।

द्वितीय विश्व युद्ध के उत्तरकालीन अकादमिक लेखन ने जापान को मुख्यतः एकमात्र ऐसे एशियाई देश के रूप में प्रस्तुत किया जिसका आधुनिकीकरण हुआ था। आधुनिकीकरण दृष्टिकोण ने चीन और अन्य एशियाई देशों से इसके अंतर को रेखांकित करने के लिए टकरावों, किसान विद्रोहों और एक उपनिवेशवादी के रूप में जापान के अनुभव को नज़रअंदाज किया। इन तर्कों पर, विशेष रूप से 1960 और 1970 के दशक में वियतनाम युद्ध के बाद, सवाल उठाए गए थे और जापान के विकास के अंतर्सम्बंध और समानताओं को दिखाने के लिए उसे एक क्षेत्रीय संदर्भ में स्थित करके देखा गया था। कोरिया, ताईवान और चीन के कुछ भागों में जापान के औपनिवेशीकरण को निर्णायक तरीके से जापानी इतिहास को आकार देने वाली घटनाक्रम के रूप में दिखाया गया। इसके बाद के उत्तर-आधुनिकतावादी लेखन ने जापान के बारे में विचारों को, जापान की संस्थाओं और उन

विचारों की जाँच करके जिनका एक लंबा इतिहास था उनका विखंडन किया और दिखाया कि कैसे उनका निर्माण जापान के आधुनिकीकरण के रूप में किया गया था। अन्य विद्वानों ने जापानी घटनाक्रम को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखा और यह देखा कि इन्होंने जापान को कैसे प्रभावित किया था। मिसाल के तौर पर, पूर्व आधुनिक काल में, वैश्विक चाँदी के प्रवाह के कारण चाँदी का अभाव हुआ और जापानी शासक रेशम का उत्पादन करने के उपायों को अंजाम देने लगे जिसका आयात किया जा रहा था ताकि चाँदी का बर्हिगमन कम हो सके। बाद की इकाइयों में हम देखेंगे कि कैसे इन विचारों ने आधुनिक जापानी इतिहास की हमारी समझ को आकर दिया है।

पूर्वी एशियाई क्षेत्र में चीनी संस्कृति के प्रारंभिक प्रभुत्व का मतलब है कि चीनी प्रभावों ने इस क्षेत्र को आकार दिया और चीनी भाषा सभ्यता का वाहक और अभिजात्य वर्ग के लोगों की सार्वजनिक भाषा बन गई। आठवीं शताब्दी तक जापान ने प्रशासन और संस्कृति की भाषा के रूप में चीनी भाषा को अपनाया। जापानी भाषा एक अक्षर-बहुल पदों से युक्त और संयुग्मित भाषा है और चीनी भाषा से बहुत अलग है। जापानी भाषा ने चीनी भाव-चित्रों (कांजी) का इस्तेमाल किया, लेकिन दो वर्णमालाएँ बनाई, जिसका उपयोग उन्होंने चीनी भाव-चित्रों के साथ जापानी लिखने के लिए, जैसा यह बोली जाती थी इस्तेमाल किया। चीनी के ज्ञान ने अभिजात्य वर्ग को चीनी सभ्यता को पहुँच दी, लेकिन उन्हें जो ज्ञान प्राप्त हुआ उसका प्रसारण व्यापक लोकप्रिय स्तर पर हुआ था क्योंकि स्थानीय वर्णमाला में लिखे गये ग्रंथों को उन लोगों द्वारा पढ़ा जा सकता था, जो उच्च संस्कृति में शिक्षित नहीं थे। उदाहरण के लिए, बौद्ध धार्मिक उपदेशों को सरल शैली में ध्वन्यात्मक वर्णमाला का उपयोग करके लिखा गया था और उनकी शिक्षाओं को सचित्र फैलाया गया था। यहाँ तक कि जिस तरह से किसान याचिकाएँ लिखी गईं, वह कुलीन शैलियों के प्रभाव को दर्शाती हैं। उच्च संस्कृति के विचार अभिजात्य वर्ग से परे फैले हुए थे।

## 1.5 जापानी इतिहास में कालावधिकरण

शासक राजवंशों के आधार पर जापानी इतिहास के प्रमुख राजनैतिक वर्गीकरण पर अनेक तरह से सवाल उठाए गए हैं। मानक राजनैतिक विभाजन हियान (794-1180) के साथ शास्त्रीय काल है जो अपनी विशिष्ट विशेषताओं के साथ जापानी सभ्यता के शिखर को चिह्नित करता है। हियान काल में शाही सरकार प्रमुख शक्ति थी। इसके बाद योद्धाजनों की सरकारों या कामकुरा के बाकुफू (1185-1333), तब छोटी अवधि के लिए जब केम्मू पुनर्स्थापना में शाही शक्ति (1333-1336) पुनर्स्थापित हुई, और सत्ता फिर एक योद्धाजन के परिवार, अशिकागा या मुरोमाची बाकुफू (1336-1576) के पास चली गई। 1573 से 1603 तक की अवधि में दाइम्यों घरानों का उदय हुआ जिन्होंने जापान के बड़े भू-भाग को नियंत्रित करना शुरू कर दिया था। उस समय के दाइम्यों के बीच सैन्य संघर्षों से उभरने वाला पहला प्रमुख ओड़ा नोबुनागा था। उसके बाद तोयोतोकी हिदेयोशी और फिर तोकुगावा इयासु थे जिन्होंने तोकुगावा शासन की स्थापना की, जो 1603 से 1868 तक चला। आधुनिक काल 1868 में आता है जब एक क्रांति ने जापान को एक आधुनिक राष्ट्रीय राज्य में बदल गया। इस व्यापक वर्गीकरण को कई तरीकों से परिष्कृत किया गया है, लेकिन यह अभी भी प्रचलित है।

परिस्थितिकी, जो राजनैतिक घटनाओं की विभाजक रेखाओं का उपयोग करने के बजाय, मनुष्य और उसके पर्यावरण के बीच के प्रमुख सम्बंध को देखती है, जापानी इतिहास को व्यापक रूप में देखने का एक और तरीका प्रदान करती है। इतिहासकार कॉनराड टोटमेन ने जापान के इतिहास को तीन चरणों में बाँटा है : भोजन के घुमन्तु, कृषि और औद्योगिक।

भोजन के लिए घुमन्तु अवधि उस समय थी जब लोग प्राकृतिक रूप से भूमि से जो स्वयं उत्पन्न होता था उसी पर जीते थे। यह लगभग 420 बी.सी.ई. तक रहा होगा और प्रारम्भिक जोमोन (1400 से 300 बी.सी.ई.) और यायोई (350 बी.सी.ई. से 250 तक) संस्कृतियों को शामिल करेगा। दूसरी अवधि, कृषि के उपयोग से चिह्नित है हालांकि इसके कई उपचरण हैं। कृषि का विकास मकबरा संस्कृति (कोफुन 250-538) की अवधि से हियान राजवंश के शास्त्रीय काल तक शुरू हो जाता है, लेकिन बारहवीं शताब्दी तक यह और अधिक गहन हो जाती है, जब कामकुरा और तोकुगावा काल के दौरान सत्ता योद्धा वर्ग के पास चली जाती है। तीसरा चरण 1890 के आसपास का है क्योंकि औद्योगिक समाज जैसा कि टोटमैन कहते हैं 'मृतकों के कारनामों' पर विकसित होता है, दूसरे शब्दों में, समाज अब न केवल इस पर पलता है कि प्रकृति क्या उत्पन्न कर रही थी बल्कि उसका भी उपयोग करता है जो पहले की समयावधि में जिसका उत्पादन किया गया था। दूसरे शब्दों में, टोटमेन का तर्क है कि यह प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर रहा है जिनको प्रकृति द्वारा संग्रहीत किया गया था, जैसे कि जीवाश्म ईंधन और संग्रहीत संसाधनों का उपयोग करना।

**बोध प्रश्न 1**

1) जापान को आकार देने में भौगोलिक पर्यावरण की भूमिका की संक्षिप्त चर्चा कीजिए।

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

2) जापानी इतिहास के अध्ययन के लिए भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण क्या हैं?

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

3) जापानी इतिहास की कालावधिकरण के बारे में विभिन्न दृष्टिकोणों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

## 1.6 शास्त्रीय जापान का निर्माण

794 में यामातो राज्य ने हियान में अपनी राजधानी बनाई। यह जापान के शास्त्रीय युग के रूप में देखे जाने वाले समय की शुरुआत को चिह्नित करता है जब जापानी सभ्यता की केन्द्रीय मुख्य विशेषताएँ बन गई थी। हियान की अवधि सीमा, 794 से जब हियान कयो में राजधानी का निर्माण किया गया था, से लेकर 1185 तक थी, जब सत्ता योद्धाओं की सरकारों को स्थानांतरित हो गई थी। 400 वर्षों की यह लंबी अवधि जापानी इतिहास में मानक विभाजनों में सबसे लंबी है।

यह वह समय था जब बौद्ध धर्म के माध्यम से चीनी प्रभाव, अवशोषित, अनुकूलित और एक शाही राज्य बनाने के लिए इस्तेमाल किये जा रहे थे, जहाँ सम्राट प्रत्यक्ष राजनैतिक शक्ति का प्रयोग करते थे। बौद्ध धर्म राजकीय धर्म बन गया। चीनी भाषा को अभिजात्य वर्ग द्वारा अपनाया गया था और इसके माध्यम से चीनी दर्शन और साहित्य से परिचय कराया गया था, जो बौद्धिक जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। इस प्रकार यह वह अवधि भी थी जब महिला लेखकों ने जापानी भाषा में लिखे गये साहित्य का उत्पादन किया था, चीनी का नहीं। जापानी काना में लिखी मुराकामी शिकिबु द्वारा लिखा गया। एक उपन्यास *द टेल ऑफ जेंजी*, जिसमें चीनी पात्र नहीं हैं, हियान कुलीन जीवन की तस्वीर पेश करता है और इन्हें सबसे महान जापानी लेखक के रूप में देखा जाता है, कुछ हद तक संस्कृत में कालिदास की तरह और अंग्रेज़ी में शेक्सपियर की तरह।

हियान काल का नाम राजधानी के नाम पर रखा गया था जिसका प्रतिरूप *छांगान* की चीनी राजधानी के अनुसार था। हियान काल ने पहले के कबीले आधारित समूहों (उजी) को एक साथ लाकर एक शाही राज्य का निर्माण किया जो चीन के तांग राजवंश राज्य (618-907) के नमूने पर आधारित था, लेकिन इसको जापानी विचारों के अनुकूल ढाला गया। सम्राट एकमात्र शासक था लेकिन उसे चीन के विपरीत, दिव्य माना जाता था। चीन में नौकरशाही अच्छी तरह से विकसित और मज़बूत थी, लेकिन जहाँ जापानी नौकरशाही संगठन थे परंतु उसके पद वंशानुगत कुलीन जनों द्वारा संचालित थे। एक सैन्य संगठन को विकसित करने के लिए नियम और विनियमन विकसित किए गए थे और कर-संग्रह को एक सामूहिक प्रणाली जिसे रितसूर्यो (दण्ड संहिता और नागरिक संहिता) नाम से जाना जाता था, भी विकसित थी। देश को प्रांतों में विभाजित किया गया था, प्रत्येक को एक राज्यपाल द्वारा शासित किया जाता है। हालांकि चीन के विपरीत, धार्मिक प्रथाओं की एक परिषद अन्य सभी कार्यालयों के ऊपर रखी गई थी।

इस अवधि में शासित क्षेत्र ज्यादातर क्योटो क्षेत्र और दक्षिणी द्वीप क्यूशु में था, लेकिन सम्राट शोमु ने उत्तरी क्षेत्र के मुख्य द्वीप होन्शु में तोहकू तक अभियान भेजने शुरू कर दिए थे और 1725 तक आधुनिक समय के सेन्दाई तक के क्षेत्र का दमन कर लिया था।

एक सिद्धांत है, जो हर किसी के द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है कि 'एमीशी' जोमोन संस्कृति के लोग थे, जिन्हें उत्तर की ओर खदेड़ दिया गया था क्योंकि यायोई लोगों ने जापान के मुख्य द्वीपों पर कब्ज़ा कर लिया था। इन उत्तरी अभियानों ने इस क्षेत्र में स्थाई कृषि की उन्नति को चिह्नित किया। एमीशी भोजन के लिए घुमन्तु लोग थे। 'एमीशी' को बाद में जापान के मूल निवासियों के रूप में ऐनू के नाम से जाना जाता है। ऐनू जीववादी थे और उनकी भाषा और साथ-ही-साथ सांस्कृतिक प्रथाएँ जापानियों, जिन्हें उस समय वाजिन के नाम से जाना जाता था, से बहुत अलग थी।

वास्तव में, एक शाही राज्य की संरचना या उसका तामझाम बनाया गया था लेकिन धरातल पर उसकी शक्ति सीमित थी। इस अवधि की प्रमुख विशेषताओं में से एक यह है कि भले ही शाही सत्ता का तामझाम एक नौकरशाही प्रतिरूप पर आधारित था और भूमि सम्राट की थी, लेकिन 'पारिवारिक सत्ता' व्यापक थी और यह अलग-अलग रूपों में दिखाई पड़ती थी। शाही नियंत्रण के तहत 'शोएन' की निजी भू-संपदा का प्रसार था लेकिन वह केवल नाममात्र को शाही नियंत्रण में थी। दो अवधियों में जब 'सेवानिवृत्त सम्राटों' (इन्सी) का नियंत्रण था। सम्राट सेवानिवृत्त हो जाते थे और एक बच्चे को सिंहासन पर बैठाया जाता था। अभिभावकों द्वारा शासन किया जाता था। उदाहरण के लिए, फुजिवारा परिवार या 'सेवानिवृत्त सम्राट'। तीसरा समुराई दल या गवर्नरों के पास सत्ता थी।

विद्वानों ने मध्ययुगीन कामकुरा काल के विपरीत, हियान जापान को 'प्राचीन काल' के रूप में देखा है, लेकिन यह वर्गीकरण इतिहास के पश्चिमी नमूने का अनुसरण करता है। आजकल सी. केमरोन हर्स्ट जैसे विद्वानों का तर्क है कि हियान की कालावधि को दो अवधियों में विभाजित किया जाना चाहिए, प्रारंभिक काल दसवीं शताब्दी तक का था, जब तांग प्रतिरूप के तत्व प्रमुख थे, लेकिन 'सामंती प्रवृत्तियाँ' विकसित होने लगी थी। इसके उत्तरार्द्ध में इन सामंती विशेषताओं को मज़बूत होते हुए देखा क्योंकि केंद्रीय शक्ति का अपक्षरण हुआ और पहले फुजीवारा परिवार के पास गई, और फिर सेवानिवृत्त सम्प्रभु शासकों के पास।

विद्वानों ने तर्क दिया है कि सम्राट और कुलीन वर्ग ने केवल बाह्य हितों के लिए अपनी शक्ति का आत्मसमर्पण नहीं किया, बल्कि कुलीन वर्ग ने एक 'शाही न्यायालय राज्य' (ओचो कोका) का निर्माण किया, जिसके तहत उन्होंने कुछ राजनैतिक कर्त्तव्यों को अनुबंधित किया जो अनुष्ठानों पर ध्यान केन्द्रित करते थे, जो उस समय समान रूप से राजनीति का महत्वपूर्ण भाग थे। उन्होंने शक्ति का आत्मसमर्पण नहीं किया और न ही शक्ति का प्रयोग कैसे विभिन्न तरीकों से किया गया था, इसको नज़रअंदाज किया। उदाहरण के लिए, विद्वानों ने बताया है कि राज्यपालों की नियुक्तियाँ सावधानीपूर्वक की गई थी ताकि राज्य की आय में कोई विघ्न न आए।

शाही सत्ता स्थापित हुई थी लेकिन प्रत्यक्ष शाही शासन लम्बे समय तक नहीं चला। फुजीवारा परिवार 794 से प्रमुख शक्ति बन गया। उन्होंने इस शक्ति को राज्य संरक्षक रूप में प्रयोग किया और अपनी पुत्रियों के विवाह जापानी सम्राटों से किये। जापानी इतिहास की मर्मभेदी और आवृत्ति विशेषता वैधता और शक्ति के बीच विभाजन है। सम्राट वैध शासक और शक्ति का स्रोत बने रहे लेकिन वास्तविक शक्ति का उपयोग फुजिवारा परिवार द्वारा किया गया था, जिनमें से सबसे शक्तिशाली फुजिवारा-नोमिचीनागा (966 से 1028 सी.ई.) था।

### हियान काल की संस्कृति

हियान सभ्यता एक आभिजात्य संस्कृति थी जिसे कुछ एक हजार दरबारियों ने बनाया और चलाया था। दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दी के दौरान इस संस्कृति ने अत्यधिक परिष्कृत सौंदर्य दर्शन का निर्माण किया। हालांकि, भौतिक जीवन बेहद सरल और सादगी पसंद था। आहार चावल, सब्ज़ियों और बहुम कम माँस और मछलियाँ थी। चाय को चीन से केवल नौवीं शताब्दी में लाया गया था, लेकिन इसका उपयोग केवल दवा के रूप में किया जाता था। बैलगाड़ी परिवहन का प्रमुख रूप था। जहाज सरल थे और सुरक्षित रूप से समुद्र के पार यात्रा नहीं कर सकते थे, लेकिन उन्हें तट तक आना पड़ता था।

बौद्ध धर्म राज्य का धर्म बन गया। पहले के लोकप्रिय धार्मिक व्यवहारों का पूरा समुच्च्य शिन्तो, बौद्ध धर्म का एक भाग बन गया। दोनों के बीच सम्बंध जटिल हैं। शास्त्रीय जापान में शिन्तो शब्द का उपयोग शायद ही कभी किया गया था, लेकिन जब किया गया तब इसका मतलब केवल 'लोकप्रिय धार्मिक व्यवहार' से था। इस शब्द का अर्थ 'देवताओं के मार्ग' के रूप में होने लगा था, यह बौद्ध धर्म के प्रभाव के कारण हुआ क्योंकि बौद्ध धर्म 'बुद्ध का मार्ग' है। शिन्तो का विकास हुआ क्योंकि यह बौद्ध धर्म से जुड़ गया था और जल्द ही शिन्तो देवता या कामी की पहचान बुद्ध के साथ की जाने लगी।

बौद्ध धर्म कोरिया के माध्यम से चीन से जापान में आया था। बौद्ध धर्म ने नये शाही राज्य के लिए धार्मिक नींव प्रदान की। 740 के दशक में सम्राट शोमू (724-749) ने टोड़ाईजी का निर्माण किया, जो एक बौद्ध मन्दिर था, जो अपने समय की सबसे बड़ी लकड़ी की संरचना के कारण प्रसिद्ध था। प्रारंभ में राज्य ने कुकाई (774 से 835) द्वारा स्थापित तेनदाई और भिक्षुक साइको (767 से 822) द्वारा स्थापित शिंगोन (सत्य शब्द) जैसे बौद्ध संप्रदायों का समर्थन किया था। साइको ने अपनी शिक्षाओं को लोट्स सूत्र को आधार बनाते हुए एक धार्मिक प्रणाली तैयार की, जिसकी मान्यता थी कि कार्य, ध्यान और विश्वास निर्वाण तक ले जाते हैं। यह दोनों सम्प्रदाय नौवीं और दसवीं शताब्दी में फले-फूले और हियान आभिजात्य वर्ग ने इन पर अनुग्रह किया।

जैसे-जैसे बौद्ध धर्म आभिजात्य वर्ग से लोगों में फैलता है, जैन, जोड़ो और निचीरेन जैसे नये आंदोलन इसमें विकसित होते हैं। तेरहवीं शताब्दी तक बौद्ध धर्म केवल आभिजात्य वर्गों तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों के राजनैतिक और धार्मिक जीवन का एक हिस्सा था। मठ शक्तिशाली केंद्र थे जो भिक्षुओं और सामान्य अनुयायियों को एक साथ ला रहे थे और कभी-कभी शासक वर्ग की शक्तियों के साथ टकराव भी था।

जापान में बौद्ध धर्म के प्रवेश से, यह एक गूढ़ और कुलीन वर्गीय धर्म से आगे चलकर, प्रसारित होकर एक लोगों का धर्म बन गया। चीन के साथ जापानी शुल्क और व्यापार सम्बंध 800 के बाद बंद हो गये और 1274 और 1281 में चीन के विस्तृत होते किबलाई खान ने दो आक्रमण चालू किये। पहला मंगोल आक्रमण धरातल के परीक्षण करने के लिए था और दूसरा, जो जापानी तैयारी के कारण आंशिक रूप से पराजित किया गया था, लेकिन इसलिए भी क्योंकि एक प्रचंड तूफान ने जहाजों को व्यापक नुकसान पहुँचाया था। इसे, बीसवीं शताब्दी तक का सबसे बड़ा समुद्री अभियान बताया गया था। ऐसा लगता है कि किसी भी तरह जापानी जीत ही गये होते लेकिन मंगोल जहाजों को नष्ट करने वाली 'दिव्य पवन' (कामिकेज) एक प्रमुख पौराणिक घटना बन गई थी, जिसका उपयोग कुछ लोगों के द्वारा यह रेखांकित करने के लिए किया गया था कि जापान किस प्रकार देवताओं द्वारा संरक्षित रखा गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में जब जापान के संसाधन खत्म होते जा रहे थे, तो उसने बेधड़क उपाय किये, जैसे कि 'आत्मघाती हमलावरों' का एक दस्ता खड़ा किया, जिसका नाम कामिकेज पायलेट था। इन युवकों का जबरदस्ती मन इस तरह का बना दिया गया था कि वे अपने विमानों को उनके लक्ष्यों में दुर्घटनाग्रस्त करा दें। वे मानव बम की तरह काम करते थे।

## 1.7 प्रतिस्पर्धी शक्तियाँ : सम्राट, धार्मिक समूह और योद्धागण

शाही राज्य की शक्ति लम्बे समय तक कायम नहीं रही क्योंकि इसने धीरे-धीरे भूमि और राजस्व एकत्र करने का अधिकार कुलीन परिवारों और बौद्ध मठों के लिए छोड़ दिया। कुलीन वर्ग और बौद्ध मठों ने भू-सम्पदा या शोएन पर नियंत्रण हासिल कर लिया और करों को एकत्र किया और अपनी सेनाएँ भी स्थापित की। वे राजनैतिक रूप से शक्तिशाली बन

गये। 1200 तक सभी शाही कर वाली भूमियों में से आधे से अधिक 'शोएन' बन गई थी। अर्थात् ऐसी निजी भूमियाँ जो राज्य के नियंत्रण से बाहर थी।

शाही राज्य ने अपने सशस्त्र अनुचरों पर भी नियंत्रण खो दिया था और 1150 तक समुराई या योद्धा दस्ते जो अपने नेताओं के प्रति वफादारी रखते थे, उभर गये थे। ये समूह अपने नेताओं के प्रति वफादारी और नातेदारी के सम्बंधों से जुड़े हुए थे और पदानुक्रमित रूप से संगठित थे। मिनामोतो योरितोमो (1147-1199), ताइरा के नेता, उन प्रमुख परिवारों में से जो सत्ता के लिए संघर्ष कर रहे थे, एक सबसे शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे।

ओसाका-क्योतो से निकाले गये राजस्व (किनाई) सीमित थे और एक बहुत छोटे आभिजात्य वर्ग का भरण-पोषण करते थे। ग्यारहवीं शताब्दी तक किनाई क्षेत्र से निकालने योग्य संसाधनों को छीन लिया गया था। इस पृष्ठभूमि में 1190 तक वास्तविक सत्ता या शक्ति शाही राजधानी क्योतो से कामकुरा में स्थानांतरित हो गई थी। कामकुरा बाकुकू (शब्द का शाब्दिक अर्थ है तंबू सरकार और मूल रूप से युद्ध के मैदान में सेना के मुख्यालय के लिए संदर्भित) का व्यापक राजस्व आधार था। समुराई या योद्धा समूह अब सत्ता के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रमुख समूह के रूप में उभरे।

जापानी विद्वान कुरोदा तोशियो का तर्क है कि ग्यारहवीं और पंद्रहवीं शताब्दियों के बीच राज्य प्राधिकरण को एक साथ काम करने वाली तीन शक्तियों के बीच विभाजित किया गया था। वह इस अवधि में परिवार के लिए उपयोग किये जाने वाले एक शब्द का इस्तेमाल करता है– केनमोन या शक्तिशाली परिवार। कुरोदा परिवार के तीन समूहों – दरबारियों (कुगे), योद्धाओं (बुके या समुराई) और धार्मिक संस्थाओं (जिशा) की पहचान करता है। कुरोदा ने इन तीन समूहों को दरबारियों, योद्धाओं और धार्मिक संस्थाओं को एक राजनैतिक व्यवस्था के भाग के रूप में देखा, जो सादृश्य रूप से संगठित और एक-दूसरे पर परस्पर निर्भर थे। प्रत्येक को दूसरे की जरूरत थी। इसलिए संक्रमण सिर्फ इतना ही नहीं था कि शाही सत्ता को योद्धाओं की सरकारों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया था, लेकिन संक्रमण को ऐसे समय में चिह्नित किया जा सकता था जब इन तीनों समूहों ने सत्ता के लिए प्रतिस्पर्धा की।

योरीतोमो ने अपनी योद्धा सरकार या काममुरा में बाकुफू की स्थापना की, जो कि कांटो क्षेत्र में सम्राट के साथ एक शक्ति साझा करने की व्यवस्था का काम कर रही थी। योरीतोमो ने अपनी शक्ति और अधिकार के चिह्न के रूप में सम्राट से कई उपाधियाँ प्राप्त की। इन उपाधियों में से एक बर्बरों का शमनकारी प्रधान सेनापति (सी ताई शोगुन) अंग्रेजी में सर्वोत्तम विदित हो गया है।

अगले बाकुफू, आशिकागा या (1333-1573, जिसे उनकी राजधानी मुरोमाची के नाम से भी पुकारा जाता है) ने सम्राट की सत्ता को नाममात्र के लिए स्वीकार किया था। पारम्परिक रूप से 'मध्ययुगीन' जापान को 1180 में कामकुरा बाकुफू से शुरू माना जाता था, लेकिन आजकल विद्वान कामकुरा काल को हियान काल से संक्रमण के रूप में देखते हैं और 1330 के दशक को एक क्रांतिकारी परिवर्तन के रूप में देखते हैं जब केनमू शासन और आशिकागा ने एक नये प्रकार का शासन शुरू किया। यह एक बदलाव था जहाँ सैन्य शक्ति शासन का आधार बनी। पहले की सत्ता वैधता पर आधारित थी जो व्यक्ति के ओहदे या स्थिति से सम्बंध रखती थी, लेकिन अब श्रेष्ठतर बल ही पर्याप्त था।

कामकुरा बाकुफू को पराजित किया गया और उसके बाद सम्राट गो-दाईगो का शासन हुआ, और फिर आशिकागा योद्धा वर्ग की सरकार। तेजी से परिवर्तन की यह अवधि

राजनैतिक नियंत्रण स्थापित करने के नये तरीकों द्वारा चिह्नित की गई थी। राजनैतिक शक्ति दाइम्यों या क्षेत्रीय अधिपतियों पर आधारित थी, जिन्होंने अपने शासन क्षेत्र में उच्च स्तर की स्वायत्तता का प्रयोग किया था। प्रत्येक दाइम्यों ने शाही भूमि पर अतिक्रमण करके अपनी शक्ति को बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे अस्थिरता की एक अवधि पैदा हुई, जिसका नाम 'गेकोकुजो' या 'नीचे वालों द्वारा ऊपर वालों को पलटना' दिया गया।

इस राजनैतिक रूप से अस्थिर माहौल का मतलब था कि केवल वही दाइम्यों सफल थे जिनके पास एक विश्वसनीय अधीनस्थ ताबेदारों का आधार था और जो आर्थिक रूप से शासन क्षेत्रों का व्यवस्थित रूप से संचालन करने में सफल रहे, और जिन्होंने अपने क्षेत्रों की रक्षा के लिए कुशल सैन्य बलों का निर्माण कर लिया था। इन दाइम्यों ने अपने नियंत्रण को बढ़ाने की बजाए अपने शासन क्षेत्र को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्हें 'युद्ध से राज्यों के स्वामी' (शेंगोकु दाइम्यो) कहा जाता था। स्थानीय सुदृढ़ीकरण की इस प्रक्रिया से उन नेताओं का उदय हुआ जो जापान का एकीकरण करेंगे।

धार्मिक संस्थाएँ राजनैतिक व्यवस्था का एक अभिन्न अंग थी और धर्म और राजनीति आधुनिक काल की तरह अलग तत्व नहीं थे। क्योतो के पास माउंट हाईई में तेंदाई सम्प्रदाय के प्रमुख धार्मिक केंद्र थे, नारा जहाँ कोफुकुजी और टोड़ाईजी के प्रमुख मंदिर स्थित थे, इनमें उन सम्प्रदायों का प्रभुत्व था जो अधिक दार्शानिक थे और कुलीन वर्ग को अपील करते थे और माउंट कोया बौद्ध धर्म के शिंगोन सम्प्रदाय का मुख्यालय था। तेंदाई और शिंगोन प्रमुख बौद्ध संप्रदाय थे जिनके देश भर में अनुयायी थे, और जो राज्य और प्रमुख परिवारों द्वारा संरक्षित थे। और उन्होंने प्रभावशाली लेखन का निर्माण किया जिन्होंने लोगों के धार्मिक और बौद्धिक जीवन को आकार दिया।

जैन, बौद्ध धर्म, जिसने ध्यान पर मोक्ष प्राप्त करने के तरीके के रूप में बल दिया। यह दो संप्रदायों सोटो और रिनजाई में विभाजित किया गया था। जैन को कोअन या पहेलियों जैसे अध्ययन के अभ्यास के माध्यम से कठोर प्रशिक्षण द्वारा अनुयायियों को दिया जाता था, जिसने अनुयायियों को अपनी मान्यताओं के बारे में सोचने के लिए मज़बूर किया। जैन ने योद्धाओं और कलाओं पर एक शक्तिशाली प्रभाव छोड़ा। चीन के साथ सम्बंध के कारण जैन भिक्षुओं ने चीन के साथ व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चीन के साथ व्यापार एक लंबे अंतराल के बाद 1300 से शुरू किया गया था और 1400 से जापान ने व्यापार और मान्यता प्राप्त करने के लिए शुल्क मिशन भेजे। जैन मठ, जिसके अनेक भिक्षुओं ने चीन में प्रशिक्षण लिया था, इस व्यापार के महत्वपूर्ण पात्र बन गये।

## 1.8 दाइम्यों का उदय : ओड़ा नोबुनागा

15वीं शताब्दी के अंत से युद्ध एक स्थायी विशेषता बन गया। इस समय सरकार के प्रतिस्पर्धी रूप थे। शाही घराने को हाशिए पर रख दिया गया था और सत्ता और प्रभुत्व के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली प्रमुख ताकतें समुराई अनुचर थे जो दाइम्यों से सामंती सम्बंधों के साथ बंधे हुए थे। दूसरी प्रतिस्पर्धी शक्तियों में भूमि और सेनाओं को नियंत्रित करने वाले मठ और किसानों द्वारा गठित दस्ते या इक्को (ऐक्यभाव) थे।

ऐक्यभाव या इक्को समूह समुराई की तरह समानता और पदानुक्रम के सिद्धांतों पर आधारित धार्मिक समूह थे। 1560 और 1570 के दशकों के बीच उनकी लड़ाइयों ने समुराई की दाइम्यों केंद्रित शक्ति को खतरे में डाल दिया। इन इक्को-इक्की के विद्रोह के पीछे ईचिजेन और कागा में (आधुनिक फुकुई और इसिकावा) इक्को अमिदा बौद्ध धर्म के संप्रदाय थे।

राजनैतिक अराजकता में जो सोलहवीं शताब्दी के मध्य तक व्याप्त थी, उसमें अर्थव्यवस्था का विकास हुआ और संस्थाओं ने एक हद तक परिष्करण विकसित किया। सामंती प्रभुओं ने अपना ध्यान अपनी भू-सम्पत्तियों पर पकड़ मज़बूत करने और विरोधी गठबंधनों को रोकने के लिए लगाया। इस अस्थिर स्थिति में तीन व्यक्तित्व धीरे-धीरे मुख्य द्वीपों को अपने नियंत्रण में लाते हैं : ओड़ा नोबुनागा (1543-1582), तोयोतोमी हिदेयोशी (1537-1598) और तोकुगावा इयासू (1543-1616)। व्यापक रूप से भिन्न-भिन्न चरित्र के इन तीन लोगों ने एक-दूसरे का अनुसरण किया और न केवल जापान के राजनैतिक एकीकरण बल्कि इसका आर्थिक और सामाजिक सुदृढ़ीकरण भी किया।

इस परिवर्तन को दिखाने वाली निर्णायक घटना 1568 में हुई जब ओड़ा नोबुनागा ने सम्राट को आशिकागा योशिअकी (1537-1597) को मान्यता देने के लिए मज़बूर किया और फिर जब शोगुन ने सम्राट की आज्ञा नहीं मानी तो उसे भी भगा दिया। नोबुनागा ने कभी शोगुन की उपाधि नहीं ली, लेकिन अपने सैन्य कौशल के बल पर उसने बड़े भूभाग को अपने नियंत्रण में रखा।

नोबुनागा ने दाइम्यों को भी अपने नियंत्रण में लिया और उसने मठों और गाँव में आधारित इक्को समूहों की शक्ति को भी ध्वस्त कर दिया। अक्तूबर 1571 में नोबुनागा ने हिजेन के तेंदई बौद्ध मठ को नष्ट कर दिया। यह मठ विशाल भू-सम्पदा और स्वयं के योद्धा रखता था। इसका एक विशाल परिसर था। इसके विनाश और तीन हजार से अधिक भिक्षुओं के नर-संहार ने प्रभावी रूप से राजनैतिक सत्ता के लिए उसकी चुनौती को समाप्त कर दिया।

नोबुनागा ने बौद्ध धर्म के जोड़ों शिंशु संप्रदाय के सशस्त्र लीग इक्को-इक्की से भी लड़ाई की जिनका केंद्र ओसाका में इशियामा होंगाजी के मंदिर के आसपास था और उन्हें भी कुचल दिया। अपनी शक्ति भली-भाँति स्थापित करने के बाद उन्होंने अजुची के शानदार महल का निर्माण किया लेकिन यह शानदार रचना अब मौजूद नहीं है।

अपनी मृत्यु के समय नोबुनागा का जापान एक एक-तिहाई हिस्से पर नियंत्रण था और उन्होंने उबरते राजनैतिक ढाँचे के लिए आधार तैयार किया। 1571 में उन्होंने भूमिकर निर्धारण की एक नयी प्रणाली शुरू की और 1576 में उन्होंने किसानों को निःशस्त्र करना शुरू कर दिया। लंबे समय तक युद्ध चलते रहने के कारण एक सशस्त्र आबादी का उदय हो गया था। नोबुनागा ने शक्ति सुनिश्चित करने के लिए न केवल किसानों को निःशस्त्र किया ताकि वे अपने खेती के प्राथमिक व्यवसाय में लौट सके, बल्कि योद्धाओं या समुराई को भी किलेबंद शहरों मे बसाया, जो उभरते शहरों के केंद्र बनते हैं। इस कदम से भू-सम्पत्तिवान आभिजात्य वर्ग की स्वतंत्र शक्ति को कम करने में मदद मिली। नोबुनागा ने वज़न और नाप-तौल के तरीकों में एकरूपता लाने का भी प्रयास किया।

## 1.9 हिदेयोशी : एक सामान्य जन जो जापान का शासक बन गया

1582 में नोबुनागा की हत्या कर दी गई और उसके बाद के वर्षों में हिदेयोशी (1536-1598) जापान के एकजुट करने वाले प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरे। हिदेयोशी एक साधारण परिवार से थे लेकिन अस्थिरता की स्थिति के कारण और अपनी क्षमताओं के कारण वह देश के शक्तिशाली शासक बन पाए। वह अन्य दाइम्यों दावेदारों जैसे शिबाता काटसुई को हराने में कामयाब रहे। 1785 में सम्राट ने उन्हें कमपाकु (राज्य संरक्षक) नियुक्त किया। औपचारिक पदानुक्रम में वैधता प्राप्त करने के लिए उन्होंने अनेक उपाधियाँ ली। अगले कुछ वर्षों के लिए वह अपने प्रतिद्वंद्वियों से उलझे रहे और 1590 तक अपने प्रमुख विरोधियों को हरा दिया।

हिदेयोशी ने नोबुनागा द्वारा किये गये काम को आगे बढ़ाया और ऐसी प्रणाली को लागू किया जो तोकुगावा शासन का आधार बनेगी। 1588 में उन्होंने एक निर्मम तलवारबाजी का आखेट शुरू किया, जिसका उद्देश्य सैनिक को स्पष्ट रूप से किसान से अलग दिखाना था। समुराई ही एकमात्र ऐसा वर्ग था जिनको तलवार धारण करने की अनुमति थी। 1590 में एक भूमि सर्वेक्षण में मुक्त कृषकों के नाम पर खेतों को दर्ज किया गया। इसने भू-स्वामी और करों का भुगतान करने वाले जिम्मेदार व्यक्ति की स्पष्ट रूप से पहचान की। करों का आकलन उत्पादकता पर आधारित होना था लेकिन एक इकाई के रूप में यह गाँव पर लगाया गया था। रिकॉर्ड ने यह सुनिश्चित किया कि सरकार के पास अपने अपेक्षित राजस्व को जानने और उसके खर्च की योजना बनाने का एक आधार था। भूमि के सभी मालिकाना अधिकार दाइम्यों या सामंती प्रभुओं के पास थे।

हिदेयोशी ने विश्व विजय का सपना देखा। उन्होंने 1592 में कोरिया पर एक निष्फल आक्रमण शुरू किया, लेकिन उन्हें कोरिया और चीन के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और उन्हें अपना आक्रमण बंद करना पड़ा। बाद में, उनका चीन और भारत पर आक्रमण करने का सपना विफल हो गया। उनकी असफलता अंशतः नौ-सेना शक्ति के महत्व को न पहचानने के कारण भी थी। हालांकि, जापान के लिए इस विफल आक्रमण का एक महत्वपूर्ण लाभ अनेक कोरियाई कारीगरों, विशेष रूप से कुम्हारों का आगमन था, जो क्युशू के क्षेत्रों में बस गये, जो चीनी मिट्टी के उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।

## 1.10 तोकुगावा की शक्ति का उद्भव

जब हिदेयोशी की मृत्यु हुई तब तोकुगावा ईयाशु किसी अन्य दाइम्यों से दुगुनी बड़ी जोत के साथ (2.3 मिलियन कोकु) के साथ सबसे शक्तिशाली दाइम्यों थे। तोकुगावा ईयाशु (1542-1616) नोबुनागा के समय से पूर्वी जापान में शक्तिशाली थे और उनके हिदेयोशी के साथ सम्बंधों में उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन दोनों ने महसूस किया कि टकराव ठीक नहीं होगा। हिदेयोशी की मृत्यु के बाद ईयाशु ने अन्य दाइम्यों के साथ एक गठबंधन बनाकर अपना वर्चस्व स्थापित किया और उन्होंने 20 अक्तूबर 1600 को शेकीगहरा के मैदान पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। इस गठबंधन के बल पर तोकुगावा या ईयाशु को 1603 में शोगुन नियुक्त किया गया और नेता के रूप में उनकी सत्ता की पुष्टि की गई। इयाशु को बाद के वर्णनों में महिमामंडित किया गया है। जिससे उनके उत्तराधिकारियों के काम को काफी हद तक नज़रअंदाज कर दिया गया है लेकिन उन्होंने तोकुगावा शासन की नींव रखने में प्रमुख भूमिका निभाई।

## 1.11 बर्बर लोगों या एमीशी को नियंत्रित करना

पंद्रहवीं शताब्दी तक ऐनू अपने प्रदेशों को बचाए रखने में कामयाब रहे थे, लेकिन सोलहवीं शताब्दी से तोहोकू क्षेत्र में शासकों ने जो कि होकाइड़ो कहलाता है, वहाँ पर पैर पसारने शुरू किए। इन शासकों ने इयाशु के शासन को स्वीकार किया और अपना नाम बदलकर मात्सुमे कर लिया, जिससे दक्षिण होकाइड़ो में उनके किलेबंद शहर का नाम पड़ा। बाकी क्षेत्रों को जिन्हें *जो* के नाम से जाना जाता था उसमें ऐनू बसे हुए थे। मुठभेड़ों और बीमारियों के कारण उनकी जनसंख्या में कमी आई और 1669 में आइनू द्वारा किये गये एक बड़े विद्रोह को निर्दयता से कुचल दिया गया। इड़ो का शासन मात्सुमें तक फैल गया और मात्सुमे ने ऐनू के साथ सम्बंधों का प्रबंधन किया। व्यापार बड़े पैमाने पर इमारती लकड़ी और मछलियों का होता था और मछलियों को उर्वरक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। इड़ो ओर रयुकू द्वीपों के बाहरी क्षेत्रों के बीच सम्बंधों का यही प्रारूप था। यहाँ सत्सुमा के

हान ने व्यापार और राजनायिक सम्बंधों को संभाला। इसी तरह त्यसुशिमा के हान ने कोरिया के सम्बंधों को संभाला।

**बोध प्रश्न 2**

1) जापान के शास्त्रीय काल की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

2) एक शासक के रूप में हिदेयोशी का मुख्य योगदान क्या था?

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

3) तोकुगावा के उदय की संक्षिप्त चर्चा कीजिए।

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

## 1.12 सारांश

सोलहवीं शताब्दी तक के जापान के इतिहास का यह संक्षिप्त परिचय एक बहुत लम्बी अवधि को दिखाता है। इसने जापान को आकार देने वाले कुछ मुख्य विकासों को पेश किया है। जापानी द्वीप एशियाई महाद्वीप के किनारे पर स्थित हैं जो इस क्षेत्र की प्रमुख शक्ति चीन के नज़दीक हैं। जापानी द्वीपों पर शासकों के सामने हमेशा चीन का उदाहरण था, लेकिन शायद ही कभी प्रत्यक्ष शासन की सम्भावना का सामना करना पड़ा। उन्होंने बाहर से बहुत कुछ लिया लेकिन उसे स्वतंत्र रूप से अनुकूलित किया। जापानी इतिहास में अपने अंतर को रेखांकित करने की परेशानी एक प्रमुख कारक रहा है।

जापानी द्वीप भी एक जटिल समुद्री संजाल का हिस्सा थे जिसके माध्यम से लोग, वस्तुएँ और विचार आए। उदाहरण के लिए, प्रशांत द्वीपों का प्रभाव जापान की भाषा और वास्तुकला में देखा जा सकता है। कोरियाई प्रभाव ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जैसा कि प्रारम्भिक कला और चीनी मिट्टी के काम में देखा जा सकता है। कोरियाई लोग उत्पादन की परिष्कृत तकनीकों को लाए।

इस अवधि के दौरान बनाए गए राजनैतिक संगठन सरल कबीले आधारित समूहों से एक परिष्कृत शाही राज्य के रूप में विकसित हुए। शाही राज्य जल्द ही व्यवस्था का एक तत्व बन गया जहाँ अन्य प्रकार के शासक सत्ता के लिए प्रतियोगिता करते थे। सोलहवीं शताब्दी तक दाइम्यों शासित हान शासन का सफल रूप बन गया था। फिर भी दाइम्यों सम्राट के प्रति निष्ठावान रहे, जिसके पास राजनैतिक शक्ति का अभाव होते हुए भी उसको वैधता के स्रोत के रूप में जारी रखा गया। शाही संस्था की यह अनुलंघनीयता जारी रही और आधुनिक काल में इसका उपयोग आधुनिक राष्ट्रीय राज्य बनाने के लिए किया गया।

## 1.13 बोध प्रश्नों के उत्तर

**बोध प्रश्न 1**

1) भाग 1.3 देखें।

2) भाग 1.4 देखें।

3) भाग 1.5 देखें।

**बोध प्रश्न 2**

1) विस्तृत जानकारी के लिए भाग 1.6 देखें।

2) भाग 1.9 देखें।

3) भाग 1.10 और 1.11 देखें।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY